पाठ 36　勉強しなければなりません
बेन्क्योउ शिनाकेरेबा नारिमासेन्

健太	寂しくなります。	आपकी याद आएगी।
केन्ता	साबिशिकु नारिमासु।	
アンナ	私もです。	मुझे भी।
आन्ना	でも、大学で勉強しなければなりません。 वाताशि मो देसु। देमो, दाइगाकु दे बेन्क्योउ शिनाकेरेबा नारिमासेन्।	लेकिन विश्वविद्यालय में पढ़ाई करनी है।
健太	じゃ、僕が春休みに東京に行きます。	तो, मैं वसन्त की छुट्टियों में तोक्यो आ जाऊँगा।
केन्ता	जा, बोकु गा हारुयासुमि नि तोउक्योउ नि इकिमासु।	

व्याकरण सीखें

① क्रिया का नाइ रूप + नाकेरेबा नारिमासेन् (_ करना है)

◈ कुछ करना ज़रूरी है, यह कहने के लिए क्रिया के **नाइ**-रूप में से **नाइ** हटा कर **नाकेरेबा नारिमासेन्** जोड़ें।

〈**मासु**-रूप〉	→	〈**नाइ**-रूप〉	→	
इकि<u>मासु</u> (जाना)		इका<u>नाइ</u> (न जाना)		इका<u>नाकेरेबा नारिमासेन्</u> (जाना है)

② मौसम

हारु (वसन्त)

नात्सु (ग्रीष्म)

आकि (शरद)

फ़ुयु (शीत)

शब्दों की पोटली

यह लगातार हवा चलने की आवाज़ है।

यह हवा की गति तेज़ होने की आवाज़ है।

यह हवा की गति तथा शक्ति और तेज़ होने की आवाज़ है।